“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, कार्तिक 27, 1945
शनिवार, नवंबर 18, 2023

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय इंडोनेशिया दौरे के बाद स्वदेश लौटते हुए सिंगापुर गए

नेताजी सुभाष चंद्र बोस को इंडियन नेशनल आर्मी मार्कर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

इंडोनेशिया की यात्रा के बाद रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 18 नवंबर, 2023 को स्वदेश लौटते हुए सिंगापुर की संक्षिप्त यात्रा की। उन्होंने वहां इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के मार्कर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी।

"अज्ञात योद्धा" की याद में स्मारक निर्माण का प्रस्ताव खुद नेताजी ने दिया था और उन्होंने जुलाई 1945 में इसकी आधारशिला रखी थी। सिंगापुर के राष्ट्रीय विरासत बोर्ड ने 1995 में मूल स्मारक के स्थान पर आईएनए मार्कर बनाया।

रक्षा मंत्री ने भगवान विष्णु को समर्पित श्री श्रीनिवास पेरुमल मंदिर में भी प्रार्थना की। 1855 में निर्मित यह मंदिर सिंगापुर के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक है।. उन्होंने लिटिल इंडिया में भारतीय विरासत केंद्र का भी दौरा किया। इस केंद्र की स्थापना 2015 में राष्ट्रीय विरासत बोर्ड के तहत की गई थी। इसमें सिंगापुर के भारतीयों की यात्रा की कहानियों का दस्तावेजीकरण किया गया था। इसमें पांच स्थायी गैलरी हैं।

एबीबी/एसएस